अनुक्रमांक

नाम

129

# 322 (EJ)

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8+2 मानचित्र

## 2024

## भूगोल

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

***निर्देश :***

*(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(iii) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या 9 से 16 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 20 शब्दों में, प्रश्न संख्या 17 से 22 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में और प्रश्न संख्या 23 और 24 विस्तृत-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए । प्रश्न संख्या 25 और 26 मानचित्र-सम्बन्धी प्रश्न हैं ।*

*(iv) सभी प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं ।*

*(v) उपयुक्त रेखा-मानचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिए ।*

*(vi) दिए गए मानचित्रों को प्रश्न-पत्र से फाड़कर, उन पर उत्तर अंकित कीजिए तथा मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मज़बूती के साथ अवश्य संलग्न कीजिए ।*

*(vii) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न लिखने के लिए दिए गए हैं ।*

---

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

*निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :*

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक भौगोलिक सूचना का स्रोत ***नहीं*** है ? 1

(अ) प्राचीन मानचित्र (ब) यात्रियों के विवरण

(स) चन्द्रमा से चट्टानी पदार्थों के नमूने (द) प्राचीन महाकाव्य

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक विरल जनसंख्या वाला क्षेत्र ***नहीं*** है ? 1

(अ) भूमध्यरेखीय प्रदेश (ब) अटाकामा

(स) दक्षिण-पूर्व एशिया (द) ध्रुवीय प्रदेश

**3.** निम्नलिखित प्रदेशों में से किसमें विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि ***नहीं*** की जाती है ? 1

(अ) अमेरिका एवं कनाडा के प्रेयरी क्षेत्र (ब) यूरोपीय स्टेपीज़ क्षेत्र

(स) अमेज़न बेसिन (द) अर्जेंटीना के पम्पास क्षेत्र

4. निम्नलिखित क्रियाकलापों में से कौन-सा एक तृतीयक क्रियाकलाप है ? 1

(अ) बुनाई
(ब) कृषि
(स) व्यापार
(द) आखेट

5. निम्नलिखित में से कौन-सा भू-उपयोग संवर्ग *नहीं* है ? 1

(अ) निवल बोया क्षेत्र
(ब) परती भूमि
(स) सीमान्त भूमि
(द) कृषि-योग्य व्यर्थ भूमि

6. निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज 'भूरा हीरा' के नाम से जाना जाता है ? 1

(अ) मैंगनीज़
(ब) अभ्रक
(स) लौह
(द) लिग्नाइट

7. निम्नलिखित में से कौन-सा एक समूह भारत में विशालतम भाषायी समूह है ? 1

(अ) चीनी-तिब्बती
(ब) ऑस्ट्रिक
(स) भारतीय-आर्य
(द) द्रविड़

8. इन्दिरा गाँधी नहर कमान क्षेत्र में सततपोषणीय विकास के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे महत्त्वपूर्ण कारक है ? 1

(अ) कृषि विकास
(ब) पारितंत्र-विकास
(स) परिवहन विकास
(द) भूमि उपनिवेशन

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

9. मानव भूगोल को परिभाषित कीजिए । 2

10. जनसंख्या संघटन से आप क्या समझते हैं ? 2

11. मानव विकास के तीन मूलभूत क्षेत्र कौन-से हैं ? 2

12. उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग से आप क्या समझते हैं ? 2

13. प्रवास के प्रतिकर्ष एवं अपकर्ष कारकों में विभेद कीजिए । 1+1

14. भारवाही पशुओं का वर्णन कीजिए । 2

15. वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों का वर्णन कीजिए । 2

16. पृष्ठप्रदेश के अर्थ को स्पष्ट कीजिए । 2

### (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

17. मानव विकास के उपागमों का उल्लेख कीजिए । 4

18. नगरीकरण क्या है ? भारत में नगरीकरण के विकास की विवेचना कीजिए । 2+2

19. गहन निर्वाह कृषि की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 4

20. भारत में ग्रामीण बस्तियों के प्रकारों का विवरण दीजिए । 4

21. भारत में जल प्रदूषण की समस्याओं की विवेचना कीजिए । 4

22. भरमौर जनजातीय क्षेत्र में समन्वित जनजातीय विकास कार्यक्रम (आई.टी.डी.पी.) के सामाजिक लाभ क्या हैं ? 4

### (विस्तृत-उत्तरीय प्रश्न)

23. विश्व में जनसंख्या वितरण एवं घनत्व को प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए । 3+3

**अथवा**

विश्व में पारमहाद्वीपीय रेलमार्गों का वर्णन कीजिए । 6

24. भारत में अपरम्परागत ऊर्जा स्रोतों के विकास का वर्णन कीजिए । 6

**अथवा**

प्रकार्यों के आधार पर भारतीय नगरों को प्रमुख प्रकारों में विभाजित कीजिए । 6

### (मानचित्र-सम्बन्धी प्रश्न)

25. भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर) में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों द्वारा दर्शाइए और उनके नाम भी लिखिए :

(i) भारत का निम्नतम जनसंख्या वाला राज्य । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) राजस्थान की राजधानी । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) भारत का सर्वाधिक साक्षरता दर वाला राज्य । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) भारत का एक मुख्य नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) भारत में सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाला राज्य । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

***केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर :***

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।*

(i) भारत के निम्नतम जनसंख्या वाले राज्य का नाम लिखिए । 1

(ii) राजस्थान की राजधानी का नाम लिखिए । 1

(iii) भारत के सर्वाधिक साक्षरता दर वाले राज्य का नाम लिखिए । 1

(iv) भारत के एक मुख्य नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र का नाम लिखिए । 1

(v) भारत में सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाले राज्य का नाम लिखिए । 1

**26.** **विश्व** के दिए गए रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों द्वारा दर्शाइए और उनके नाम भी लिखिए :

(i) रूस की राजधानी नगर । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) उत्तर अमेरिका का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) विश्व का सर्वाधिक मानव विकास सूचकांक (एच.डी.आई.) वाला देश । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) दक्षिण-पूर्व एशिया का एक समुद्री पत्तन (बन्दरगाह) । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) ब्राज़ील की एक मुख्य नदी । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

***केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर :***

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।*

(i) रूस की राजधानी नगर का नाम लिखिए । 1

(ii) उत्तर अमेरिका के सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश का नाम लिखिए । 1

(iii) विश्व के सर्वाधिक मानव विकास सूचकांक (एच.डी.आई.) वाले देश का नाम लिखिए । 1

(iv) दक्षिण-पूर्व एशिया के एक समुद्री पत्तन (बन्दरगाह) का नाम लिखिए । 1

(v) ब्राज़ील की एक मुख्य नदी का नाम लिखिए । 1

## (English Version)

***Instructions :***

*(i)* *First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.*

*(ii)* ***All*** *questions are* **compulsory**.

*(iii)* *Questions No. 1 to 8 are Multiple Choice Type Questions. Questions No. 9 to 16 are Very Short-Answer Type Questions, to be answered in about 20 words each, Questions No. 17 to 22 are Short-Answer Type Questions, to be answered in about 50 words each and Questions No. 23 and 24 are Long-Answer Type Questions, to be answered in about 150 words each. Questions No. 25 and 26 are Map-related Questions.*

*(iv)* *Marks allotted to all the questions are mentioned against them.*

*(v)* *Illustrate your answers with suitable sketch maps and diagrams.*

***(vi)*** ***Tear off the supplied maps from the question paper, indicate answers on them and compulsorily attach them firmly to your answer-book.***

MISSING QUESTION

5. Which one of the following is ***not*** a land-use category ? *1*

(a) Net sown area
(b) Fallow land
(c) Marginal land
(d) Culturable wasteland

6. Which one of the following minerals is known as 'Brown diamond' ? *1*

(a) Manganese
(b) Mica
(c) Iron
(d) Lignite

7. Which one of the following is the largest linguistic group of India ? *1*

(a) Sino-Tibetan
(b) Austric
(c) Indo-Aryan
(d) Dravidian

8. Which one of the following is the most crucial factor for sustainable development in Indira Gandhi Canal Command Area ? *1*

(a) Agricultural development
(b) Eco-development
(c) Transport development
(d) Colonisation of land

**(Very Short-Answer Type Questions)**

9. Define human geography. https://www.upboardonline.com *2*

10. What do you understand by population composition ? *2*

11. What are three basic areas of human development ? *2*

12. What do you understand by High-Tech Industry ? *2*

13. Differentiate between push and pull factors of migration. *1+1*

14. Describe draught animals. *2*

15. Describe the major sources of air pollution. *2*

16. Explain the meaning of Hinterland. *2*

**(Short-Answer Type Questions)**

17. Mention the approaches of human development. *4*

18. What is urbanisation ? Discuss the development of urbanisation in India. *2+2*

19. Mention the main features of intensive subsistence agriculture. *4*

20. Give an account of the rural settlement types in India. *4*

21. Discuss the problems of water pollution in India. *4*

22. What are the social benefits of Integrated Tribal Development Programme (ITDP) in the Bharmaur tribal region ? *4*

## (Long-Answer Type Questions)

**23.** Discuss the factors influencing the distribution and density of population in the world. *3+3*

**OR**

Describe the trans-continental railways in the world. *6*

**24.** Describe the development of non-conventional sources of energy in India. *6*

**OR**

Divide Indian towns into major types on the basis of functions. *6*

## (Map-related Questions)

**25.** Show the following by suitable symbols in the given outline map of **India** (on Page 9) and write their names also :

(i) The State with the lowest population in India. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) The Capital of Rajasthan. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) The State with the highest literacy rate in India. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) A main nuclear power plant in India. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) The State with the largest urban population in India. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

***Only for visually-impaired examinees in place of Question No. 25 :***

***Instructions** : Write the answers of the following questions in your answer-book. Do not use the map.*

(i) Write the name of the State with the lowest population in India. *1*

(ii) Write the name of the Capital of Rajasthan. *1*

(iii) Write the name of the State with the highest literacy rate in India. *1*

(iv) Write the name of a main nuclear power plant in India. *1*

(v) Write the name of the State with the largest urban population in India. *1*

26. Show the following by suitable symbols in the given outline map of the **World** (on Page 11) and write their names also :

(i) The Capital city of Russia. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) The Country with the largest population in North America. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) The Country with the highest Human Development Index (HDI) in the world. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) One sea port of South-East Asia. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) One main river of Brazil. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

***Only for visually-impaired examinees in place of Question No. 26 :***

***Instructions :*** *Write the answers of the following questions in your answer-book. Do not use the map.*

(i) Write the name of the Capital city of Russia. *1*

(ii) Write the name of the country with the largest population in North America. *1*

(iii) Write the name of the country with the highest Human Development Index (HDI) in the World. *1*

(iv) Write the name of the sea port of South-East Asia. *1*

(v) Write the name of one main river of Brazil. *1*